प्रेस नोट
थाना सदर बाजार, झाँसी

दिनांक 06.08.2025

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही**
- **स्वाट एवं थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के प्रयास की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलाह कारतूस बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में झाँसी पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना सदर बाजार व स्वाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 06.08.2025 को थाना सदर बाजार पर पंजीकृत मु0अ0स0- 65/2025 धारा-109(1)/333/351(3)/352 बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त रवि अहिरवार उर्फ घोड़ा पुत्र कैलाश अहिरवार निवासी खिरकपट्टी थाना सदर, जनपद झांसी उम्र करीब-35 वर्ष को सिमराहा से हंसारी जाने वाले जगंल में कच्ची सड़क से थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त रवि अहरिवार उर्फ घोड़ा पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 26.07.2025 को वादिया श्रीमती भगवती पत्नी जसवंत सिंह निवासी मस्जिद वाली गली भट्टागांव थाना सदर बाजार. झांसी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी थी वह प्राथमिक विद्यालय खिरकपट्टी नगर क्षेत्र झांसी में कार्यरत है। दिनांक 25/07/2025 को विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान एक नकाबपोश व्यक्ति द्वारा उस पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया विरोध करने पर गाली गलौज

करते हुये भाग गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सदर बाजार में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना से अभियुक्त रवि अहिरवार उर्फ घोड़ा निवासी उपरोक्त प्रकाश में आया, जिसे आज पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

रवि अहिरवार उर्फ घोड़ा पुत्र कैलाश अहिरवार निवासी खिरकपट्टी थाना सदर, जनपद झांसी

बरामदगी का विवरण –

एक अदद तमंचा 315 बोर व खोखा व जिन्दा कारतूस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

1- थाना प्रभारी सदर बाजार मय पुलिस टीम
2- प्रभारी स्वाट मय टीम।